Mr. Daga has thought, and wrongly thought—I do not blame him—as if this section is necessary for the purpose of criminal investigation into serious crimes which may be being carried on against the State. He said, 'Oh!, this section is very necessary because the Government must know that there are people who are trying to bring about a break-up of society. They are trying to destroy the integrity of the country.' So, these are emotional arguments which are devoid of any rational purpose or content. If there is a group of persons which is entering into a conspiracy or which has entered into a conspiracy for the people of destroying the integrity of the country or affecting it independence or creating, widespread disorder or rebellion or breach of tranquillity as it is called, surely those persons have either by the very fact of meeting together, putting their heads together, entered into a criminal conspiracy or have entertained designs to commit cognisable offences in the future. For the purpose of meeting consummated offences as also for the purpose of frustrating designs to commit offences in future, the ordinary powers of investigations which are created by the Code of Criminal Procedure are perfectly adequate. If an article, whether it be a letter, whether it be a cheque or whether it be any other article whatsoever in the custody of the Post Office is necessary for the purpose of investigating into any crime and much more so, if it is necessary for the investigation of a crime on which the security and tranquility of the society depends, the ordinary powers of the District Magistrate and the Chief Judicial Magistrate to issue proper search warrants under Sec. 93 of the Code of Criminal Procedure are adequate. But the difficulty and the difference—and the difference creates the difficulty—between the ordinary law of the land and this obnoxious Sec. 26 of the Post Office Act is that if under the Criminal Procedure Code you seize an article, there will remain a trace of your action, there will remain a record that you have done so but under this Post Office Act you wipe out all evidence of your crime against the rights of the citizen. It is a clandestine activity which is contrary to all canons of fair investigation and fair play. Of course, there is no power however draconian, however mischievous, however obnoxious which power cannot in some given situations be used for some good purpose. Every bad power, every evil power can be used for some good purpose and merely because it is capable of being used theoritically for some good purpose, need not make us blind to the vast misuse of that power. The vast misuse of that power is apparent and is conclusively proved by the admission of Mr. Stephen. Mr. Stephen did say that the Janata people used to do this. Sir, if the Janata people did that, they were equally guilty and they deserve to be condemned if they did anything of that kind. But two wrongs do not make one right. Mr. Stephen tells us that because Janata did it, he is trying to outdo the Janata itself. If today when there is no threat to tranquility, when there is no serious emergency in the country, when we are at peace, when we are in a normal state of affairs except the abnormality which the Government itself has created by its own corruption and incompetence, if in that situation, they continue to exercise those powers under the Post Office Act, that itself is the greatest admission of the misuse of the power to which this Section 26 is capable of being put.

Atal Bihariji has said in his amendment that you must substitute expression which

are capable of a definite meaning. My friends on the other side do not seem to be aware or perhaps Mr. Stephen does not seem to be aware that there has been an eternal controversy between the bureaucrats and the Government on the one hand and men of reason and common sense on the other and the Judiciary on the third as to what is the meaning of public safety, what is the meaning of public tranquillity, what is the meaning of public order and what is the meaning of these vague expressions like Public emergency, security of State and so on. I can give you illustrations in which the bureaucratic mind and the Minister's mind can be widely different from the functioning of an ordinary rational mind of the ordinary citizen. Supposing a Minister went to meet a lady and the incensed relatives of that lady beat him up and created a public commotion, the Minister might well think that tranquility has been disturbed and 'Now, I can start intercepting letters and telegrams.' These are not imaginary situations. These are situations from actual life. I do not wish to name the people. People have been beaten up in circumstances I have described. They have got into the hospitals under some other excuse. These things happen in life.

Therefore, a reasonable man can differ from the bureaucratic or the ministerial understanding of this expression. Sir, when you open the Law Reports you will find in every single Volume of the Supreme Court Report the letting of detenus who have been detained on the ground of their activities being a threat to public order. Bureaucrats have detained; the ministers have detained; sometimes even the high courts have supported their detention orders. The Supreme Court, in a series of judgments, have said that you people do not seem to know what public order means. The elasticity of definition is always an attribute of dictatorship. You can describe the wrongful activities in such elastic terms, in such ambiguous terms that you can take, within the catch all of the elastic expressions almost anybody. The most obnoxious provision in Section 26 is not Sec. 26(1) but Section 26(2).

Section 26(1) puts at least a reasonable limitation that you can act when there is public emergency, when there is a threat to tranquility and when there is a threat to safety. But, Sir, sub-section (2) wipes out everything. It says that:

> "A situation of threat to tranquility, public safety and the emergency would be deemed to have conclusively arisen when the Government thinks so."

In other words, you frame a law which may, on the face of it, appear to be a very reasonable law for example, one which says the criminals must be punished but, in the next section you say that a criminal is one, whom Mr. Zail Singh thinks so or Shri Stephen thinks to be a criminal, that would be conclusive. This is a sign of autocracy; this is a sign of dictatorship. You first have a law in very high sounding term to make it appear reasonable. With the left hand you take away what the right had has given. The amendment seeks to substitute in place of this elastic formula, this elastic, flexible, formula, which is capable of grace misuse—a definite formula which everybody understands.

In the amendment, Shri Atal Behariji says that it must be the period of emergency as understood in Art. 352 of our Constitution. If I have to draft this, I would perhaps say that during the period when proclamation of emergency in Art. 352 is in force. That makes it a reasonable law because, in an emergency, fundamental rights have to yield to the exigency of the State and it may be possible then to argue rationally that, after all, we have a situation in which fundamental rights cannot be given full effect to. Therefore, we must take upon ourselves this power to seize property, etc. So, Sir, I suggest that this amendment ought to be accepted and, I think, it is time that the Government go on to the task of formulating even a more effective amendment than what has been formulated in the present Amending Bill before you. Perhaps you will be acknowledging that you have some commitment to freedom and democracy. You will perhaps be able to make belated claim that you respect the verities of our Constitution.

**17.00 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

MR. DEPUTY SPEAKER: Shri Harish Kumar Gangwar.

**श्री हरीश कुमार गंगवार** (पीलीभीत) : उपाध्यक्ष जी, आज जो भाषण माननीय अटल जी के ऊपर माननीय डागा जी, माननीय अराकल जैसे विद्वान व्यक्तियों ने दिये उनसे ऐसा लगता है कि वास्तव में जो विरोधी दल कहते हैं कि इनकी जनतंत्र में आस्था नहीं है, वह बिल्कुल सिद्ध हो रहा है। हमारे जो डाक तार मंत्री हैं इनसे तो कुछ आशा ही नहीं। नम्बर एक, इनको कुछ मालूम नहीं है, सारा काम नम्बर 1 सफदरजंग से चलता है। नम्बर दो, यह कुछ भी नहीं कर सकते हैं। जो मंत्री यह कहता है कि अगर तुम्हारा टेलीफोन ठीक काम नहीं कर रहा है तो इसे कटवा लो, और देश के अन्दर कितने अनआथोराइज्ड ट्रांसमिटर्स लगे हुए हैं उनका पता नहीं लगा सकता, और पता लगा ले तो कुछ कर नहीं सकता .... स्मगलर्स के कम्युनिकेशन सिस्टम पर कोई असर, प्रभाव नहीं डाल सकते, तो उस मिनिस्टर से हम क्या उम्मीद करें कि वह इस बारे में कुछ कर सकेंगे। वह अगर चाहें भी तो कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि ऊपर से हुक्म है कि ऐसा किया जाये। जैसा ऊपर से हुक्म होगा, वैसा ही मंत्री जी करेंगे।

संविधान में भाषण, अभिव्यक्ति और विचार की स्वतंत्रता दी गई है। जैसा कि इस पक्ष के माननीय सदस्यों ने कहा कि चिट्ठी-पत्री का पढ़ा जाना या टेलीफ़ोन का टेप किया जाना यह भी संविधान के विपरीत है, यह उस प्रावीज़न के खिलाफ़ जाता है। इसको समाप्त करना चाहिए।

मैं इस संबंध में दूसरी राय भी देता हूं। आप टेलीफ़ोन का टेप करना या चिट्ठी-पत्री का खोलना पढ़ना इसलिये करते हैं कि हिन्दुस्तान के अन्दर कोई षडयंत्र तो नहीं रचा जा रहा है। पहली बात तो यह है कि कोई संगठन हो या व्यक्ति हो क्या वह ऐसी बातें पत्र में लिखेगा या आपको कहेगा? आपके अफ़सर कितने पत्र पढ़ते हैं, क्या आज तक एक भी मुकदमा उन पत्रों के आधार पर या टेलीफ़ोन के आधार पर किसी पर कहीं भी चलाया गया है जिससे यह साबित हो जाये कि हां, अमुक व्यक्ति इस प्रकार से हिन्दुस्तान की शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश कर रहा था?

क्या आपने एक भी मुकदमा चलाया जहां कोई इसका उपयोग किसी खास काम के लिये कर रहा हो? अगर कोई पार्टी या संगठन ने कोई बात कही कि अमुक तारीख को मीटिंग होगी, आपने 10 दिन तक उस पत्र को रोक लिया, वह उसके पास पहुंचा नहीं, मीटिंग खत्म हो गई और वह जा नहीं पाया। वही आपका तरीका टेलीफ़ोन के टेप करने का है। मैं समझता हूं कि कहीं आपकी यह राय तो नहीं है कि अपनी पार्टी के अन्दर जो असंतोष है, उसको मालूम करने के लिये आप इस तरह के उपाय अपनाते हैं? इसके कई उदाहरण हैं, जो मिनिस्टर के पद से हटते हैं, उनके टेलीफ़ोन आप टेप करने लगते हैं, उनकी डाक सेंसर होने लगती है। जब बहुगुणा जी चीफ़ मिनिस्टर के पद से हटे तो उनका टेलीफ़ोन टेप होने लगा, डाक सेंसर होने लगी। तो हम ऐसी बात कोई कर नहीं रहे और न हो रही है न चिट्ठी से न टेलीफ़ोन से। अगर

कोई कुछ कर भी रहा हो तो क्या चिट्ठी के जरिये से बता देगा ? हम तो वैसे ही जनतंत्र में विश्वास करते हैं । ऐसे काम करते नहीं हैं, लेकिन आप इस तरीके से जरूर यह काम करते हैं कि 10, 10 दिन तक पत्र नहीं मिल पाते हैं ।

आप कहते हैं कि टैंपरिंग विद नहीं किया जाता डाक खोली नहीं जाती । मेरी चिट्ठी 10, 10 दिन नहीं पहुंचती है । मैंने चुपके से डाकिये से पूछा कि क्यों देर होती है तो पता लगा कि इंटेलीजेंस वाले ले गये थे, देरी से देते हैं तो वह क्या करें । आप यहां कहते हैं कि हम ऐसा काम नहीं करते हैं, डाक को सेंसर नहीं करते हैं, टेलीफोन को टेप नहीं करते हैं ।

हमारे एक माननीय सदस्य जो लेह से आते हैं, लद्दाख के सदस्य हैं, उन्होंने अपनी बात आपके सामने बता दी । यह सीधे-साधे आदमी हैं, पर्वत का आदमी सीधा-साधा होता है और ऊंचे पर्वत का बहुत सीधा-सादा होता है ।

**श्री पी० नामग्याल** : यह स्टेट गवर्नमेंट ने किया है ।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : माननीय सदस्य चाहते हैं कि सेंट्रल गवर्नमेंट यह काम करे और स्टेट गवर्नमेंट न करे । यह बात नहीं चलेगी । फर्क सिर्फ इतना है कि जब वे शासन की पार्टी में होते हैं, तो कहते हैं कि जितनी दंड व्यवस्थाएं हो सकती हैं, वे लागू की जाएं और जब शासन से हट जाते हैं तो कहते हैं कि दंड व्यवस्था बुरी है । उन्हें ऐसे नार्म्ज़ और ऐसी परम्पराओं की स्थापना करनी चाहिए, जिससे लोगों को लगे कि जनतंत्र में उनकी आस्था है और वे जनतंत्र का सम्मान करते हैं ।

लेकिन वे जनतंत्र का क्या सम्मान करेंगे ? उनकी प्रधान मंत्री तो संविधान में ऐसे संशोधन करा लेती हैं कि उनके खिलाफ कोई दीवानी और फौजदारी मुकदमा दायर नहीं हो सकता, उनके खिलाफ इलैक्शन पेटीशन हाई कोर्ट का जज नहीं सुन सकता और लोक सभा की अवधि भी बढ़ जाती है । यह इनकी पार्टी और इनके नेता का हाल है, जो अपने मतलब के लिए हाई कोर्ट के जज के फैसले को भी बदलवा देती हैं । सब एम पीज़ की इलेक्शन पेटीशन्ज को तय करेगा हाई कोर्ट का जज, लेकिन अगर प्रधान मंत्री के खिलाफ कोई पेटीशन होगी, तो उसे हाउस की कमेटी तय करेगी । जनतंत्र में इनकी आस्था यह है । हम इनसे क्या कहें ? कुछ नहीं कह सकते ।

**एक माननीय सदस्य** : यह रेलीवेंट नहीं है ।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : अगर यह रेलिवेंट नहीं है, तो क्या है ? बहुत जल्दी वह समय आने वाला है, जब आप इसकी रेलिवेंसी को समझ जाएंगे, जब आप उधर से इधर बैठेंगे और हम लोक इधर से उधर बैठे होंगे ।

**श्री राम सिंह यादव (अलवर)** : यह तो सुनहरा सपना है । देखते रहें । मगर अभी तो दिन है ।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि यदि आप जनतंत्र में आस्था रखते हैं और अच्छी परम्पराएं डालना चाहते हैं, तो आप अंग्रेजों के जमाने के बने हुए इस कानून को बदल डालें । अगर आप चाहते हैं कि इसमें और बदल होना चाहिए, तो आप एक नया संशोधन बिल लाएं । हमने पहले भी आपने कई बिलों का स्वागत किया है, हम इस बिल का भी स्वागत करेंगे । लेकिन सरकार लोगों की डाक को सेंसर कर के या उनके टेली-

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

फ़ोन को टैप कर के उन्हें परेशान न करे। यह प्रजातंत्र के नियमों के विरुद्ध तो है ही, मगर साथ ही यह कोई अच्छी आदत नहीं है कि किसी की चिट्ठी-पत्री को खोल कर पढ़ा जाए। हमारे घर में जब किसी की चिट्ठी आती है, तो उसे लिफ़ाफ़ा वैसे ही दे दिया जाता है। अगर कोई उसे खोल ले, तो उसे बुरा माना जाता है कि चिट्ठी कैसे पढ़ ली। मगर यहां गवर्नमेंट दूसरों की चिट्ठियां पढ़ रही है। शायद ये जानना चाहते हैं कि किसका किससे प्रेम है और अपना प्रेम लड़ाना चाहते हैं। पता नहीं, इनका क्या इरादा है।

इन शब्दों के साथ मैं श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री राम सिंह यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, श्री वाजपेयी जी ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है मैं उस का विरोध करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are about 6 or 7 speakers who want to participate in the discussion. But we have got to complete it by 5.30 P.M. and the Minister has to intervene and then Mr. Atal Bihari Vajpayee has also to speak.

SHRI RAM SINGH YADAV: Sir, you can extend the time.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: If there are many speakers, you can extend the time.

MR. DEPUTY-SPEAKER: From 5.30 we will extend the time by one hour. But at 6.00 P.M. the House will adjourn. The time for the discussion of this Bill has been extended by one hour. It means that the discussion will not conclude today but this will be continued next time when the Private Members Bills are taken up.

*(Interruptions)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Now, You can continue.

SHRI RAM SINGH YADAV: Sir, I can speak only when the House is in order.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There is no interruption. You can continue your speech.

**श्री राम सिंह यादव :** यह विरोध मैं रीति, नीति सिद्धांतों और कानून के प्रावधानों के अनुकूल करता हूं। . . . (व्यवधान) . . .

मेरा तात्पर्य यह है कि भारतीय जनता पार्टी के माननीय नेता आज और खास तौर से कुछ दिनों से इस राजनैतिक जीवन में एक भिन्न प्रकार से कुछ आशाएं और आकांक्षाएं लेकर चलना चाहते हैं। उन आशाओं और आकांक्षाओं की वजह से वह हमारा जो दल है और हमारी सरकार है, उस की जो कार्यविधि है उस को देखते हैं कि सुचारू रूप से चल रही है और सरकार की अच्छी उपलब्धियां हैं, तो उस में कुछ न कुछ अभाव दिखाने का प्रयत्न करते हैं। माननीय वाजपेयी जी ने यह कहा कि सरकार को इस तरह की कोई शक्ति नहीं होनी चाहिये कि वह किसी भी डाक को या डाक के आर्टिकल को किसी भी स्टेज पर देख सके, उस को इंटरसेप्ट कर सके या किसी तरह की कोई जानकारी उसके बारे करना चाहे तो कर सके।

**एक माननीय सदस्य :** यह नहीं कहा।

**श्री राम सिंह यादव :** यह समझाने की आवश्यकता नहीं है। जो मैंने सुना है वह कह रहा हूं।

*(Interruptions)*

I think I know better than yourself. I have got much more knowledge than you have.

SHRI SURAJ BHAN (Ambala): You have the monopoly of keeping all the knowledge.

SHRI RAM SINGH YADAV: But we do not boast ourselves.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Yadav, I know something more about Mr. Suraj Bhan. He had worked in Postal Department.

**श्री राम सिंह यादव** : यह हमारी आदत है कि जो कांग्रेस दल के लोग हैं वह कभी भी अपने ज्ञान का बखान नहीं करते हैं जैसे कि आप लोग करते हैं। यह आप लोगों में एक अभाव है। आप लोग इस बात को सीखिये और आप भी सीखिये।

मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के नेता ने इस संबंध में जो इंग्लैंड के, यू एस ए के, फ्रांस के या और दूसरे देशों के इस तरह के कानून देखे हैं क्या उनमें इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है? इस तरह से डाक को इंटरसेप्ट करने की राष्ट्रीय स्तर पर.... (**व्यवधान**)

**एक माननीय सदस्य** : नहीं है।

**श्री राम सिंह यादव** : में आप को चेलेंज कर सकता हूं कि कोई ऐसा राष्ट्र नहीं है जिस राष्ट्र के अन्दर जो भी डाक चाहे विदेश से आती हो चाहे इग्लैंड जो लैटर आते हों उनको चैक करने की पावर सरकार को न हो। कोई ऐसा मुल्क दुनिया में नहीं है। चाहे वह सोशलिस्ट कंट्री हो चाहे कैपिटलिस्ट कंट्री हो सब के अन्दर यह व्यवस्था है और उसका सबसे बड़ा कारण है राष्ट्र की सुरक्षा और राष्ट्र का हित जो आप का भी उद्देश्य है और हमारा भी उद्देश्य है। उस उद्देश्य की पूर्ति के लिये और मजबूत तरीके से राष्ट्र की इंटीग्रिटी को कायम रखने के लिये कोई ऐसा अगर सरकार कार्य करती है तो मैं समझता हूं कि उसका स्वागत है। जितने भी माननीय सदस्य विरोध पक्ष की ओर से बोले हैं, किसी ने भी यह नहीं कहा कि गर्वनमेंट के किसी अधिकारी ने मैला-फ़ाइडी तरीके से किसी की डाक को रोका हो या डेस्ट्राय किया हो या टेलीफ़ोन टैप किया हो। कोई एक भी एग्जाम्पल आज तक ऐसी नहीं आई है जिसमें डाक तार विभाग के किसी अधिकारी की तरफ़ से कोई मैलाफ़ाइडी एक्ट किसी भी स्टेज पर किया गया हो। आप जानते हैं कि पोस्ट आफ़िसेज एक्ट में जो भी व्यवस्थायें की गई हैं वह इस दृष्टि से की गई है कि राष्ट्र की सुरक्षा को कोई हानि न पहुंच सके तथा राष्ट्र तथा समाज का जो कार्य संचालन है उसमें कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। मैं जानना चाहता हूं क्या इस देश में ऐसे पत्र नहीं भेजे गये जिनमें बम रखे गये हों? क्या यहां पत्रों के अन्दर जीवित सांप रखकर नहीं भेजे गये? यह एक हकीकत है, इस देश में ऐसा हुआ है। इसके बावजूद यदि आप इस विभाग को कोई अधिकार नहीं देना चाहते तो आप इस देश में अराजकता ही चाहते हैं। (**व्यवधान**)

मान्यवर, मुझे सुप्रीम कोर्ट के एक एडवोकेट की बात सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने डाक को एक ट्रस्ट बना दिया। जेठमलानी जी ने बहुत कानून पढ़ा है लेकिन मैं भी इस क्षेत्र में थोड़ा सा दखल रखता हूं। उनके हिसाब से कोई भी कन्ट्राबैंड गुड डाक से भेज दिया जाय तो उसको चेक करने का अधिकार नहीं होना चाहिये। आपके मुताबिक तो सी कस्टम्स एक्ट के अन्तर्गत भी सेन्ट्रल एक्साइज को चेक करने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिये। आपके मुताबिक पोस्ट आफ़िस के जरिये से अवैध हथियार भेजने का अधि-

[श्री राम सिंह यादव]

कार हो जायगा और गवर्नमेंट या पोस्टल डिपार्टमेंट उसमें इंस्ट्रूमेंटल हो जायेगा। इस प्रकार की व्यवस्था कोई कानून की व्यवस्था नहीं होगी। यदि आप ऐसा सोचते हैं तो यह गलत है।

मैं जानना चाहता हूं क्या जेठमलानी जी और वाजपेयी जी सन् 1977 से 1980 तक श्रीमती इंदिरा गांधी के टेलीफोन टेप नहीं करते थे? क्या उस समय उनकी डाक को सेंसर नहीं किया गया? इसी सदन में आपसे यह बात कही जाती थी लेकिन आपने उसका जवाब तक नहीं दिया। आप ने उस समय जैसा आचरण किया वह इस बात का संकेत करता है कि आप यहां पर जो बिल लाये हैं वह बोनाफ़ाइडी नहीं है बल्कि आप सरकार को मैलाइन करना चाहते हैं, कमजोर करना चाहते हैं। 1977 से 1980 तक आप तो डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर पर हमारी डाक को भी सेंसर करते थे। आप कांग्रेस (आई) के कार्यकर्ताओं की डाक सेंसर करते थे? आप कांग्रेस (आई) के एम पीज़ और स्वयं स्टीफन साहब की डाक को सेंसर करते थे और फोन का टेप करते थे? इसलिए पहले आप अपनी तरफ ध्यान दें कि आपने किस तरह का कार्य किया था।

यह जो 1898 का एक्ट है इसको अपने टाइम में आपने देखा भी होगा। यह जरूर है कि अंग्रेज़ों टाइम का यह एक्ट है लेकिन आप तो अंग्रेज़ के बफादार रहे हैं ... (व्यवधान) सी पी आई और सी पी एम वाले भी अंग्रेज़ों के सहयोगी रहे हैं और आर एस एस वाले तो अंग्रेज़ों का स्तुतिगान करते थे। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि इस एक्ट को आपने उस समय भी पढ़ा होगा, जब आप विदेश मंत्री थे और आप एक सशक्त मंत्री थे, उस समय भी आपने इस कमी को अनुभव नहीं किया। इसलिए नहीं किया क्योंकि उस समय आपका निशाना श्रीमती इंदिरा गांधी थी, क्योंकि उस समय आपका निशाना कांग्रेस (आई) पार्टी थी। उस समय आपका निशाना था कि राजनीतिक क्षेत्र में आपका विरोध करने वाला कोई व्यक्ति न रहे। इसलिए श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ मुकदमें चलाये गये। मैं माननीय जेठमलानी जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वे इस बात को नहीं जानते कि मनीपुर में श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ मुर्गी के चार चुजें और छोटी-छोटी चीजों को ले कर शाह कमीशन बैठाया गया और झूठे मुकदमें चलाये गये। आप यह बात नहीं जानते हैं कि आप ने उस समय इन्फार्मेशन एण्ड ब्राडकास्टिंग अधिकारियों को किस तरह से दबाकर के स्व० श्री संजय गांधी और शुक्ला जी के खिलाफ ब्यान दिये, किस तरह श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ शाह कमीशन में पैरवी की गई। आज आप डैमोक्रेसी को दुहाई देते हैं और जनतंत्र के सिद्धान्तों पर चलना चाहते हैं। आज आप जनतंत्र के रक्षक हैं। आप यह नहीं जानते हैं कि इस जनतंत्र की रक्षा करने वाली पार्टी केवल कांग्रेस पार्टी है। यह वह पार्टी है, जिस पार्टी का कल्चर संयुक्त सैक्युलरिज्म, सोशियलिज्म और डैमोक्रेसी है। इस कल्चर को मजबूत करने के लिए हमारी नेता श्रीमती इंदिरा गांधी आज भी प्रयत्न कर रही हैं। आप लोगों को केवल एक दुख है, वह दुख यह है कि श्रीमती इंदिरा गांधी आज भी और अधिक मजबूत नेता के रूप में उभर कर सामने आ रही हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी गरीबों की मसीहा हैं। इस देश के अन्दर विकास की दृष्टि से बहुत अच्छा काम कर रही हैं। मुझे ताज्जुब होता है कि माननीय जेठमलानी जी जैसे व्यक्ति जो कि कानून को जानने वाले हैं, वे भी इस तरह की बातें करते हैं।

मान्यवर, मैं एक बात और कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा। माननीय

वाजपेयी जी ने सेक्शन 26 के बारे में कहा है कि इसको दुरस्त किया जाय, संशोधन किया जाय । मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि सेक्शन 18 से लेकर सेक्शन 25 तक इनको कायम रखना चाहते हैं और सेक्शन 26-ए को हटाना चाहते हैं । सेक्शन 18 से लेकर सेक्शन 25 तक सारी वही व्यवस्थायें हैं, जैसे डाक को समाप्त करना और डाक को चेक करना तथा दूसरे प्रावधान भी है । 26ए एक इनेब्लिंग सेक्शन है और सेक्शन 18 से सेक्शन 25 तक आप कायम रखना चहते हैं ।

मुझे ऐसा लगता है कि आपने इस एक्ट को पढ़ा नहीं है । श्री जेठमलानी जी ने इस बात को स्वीकार किया है, प्रत्यक्ष रुप से नहीं, अप्रत्यक्ष रूप से कि यह संशोधन इनकम्पलीट है । इस संशोधन से और विसंगतियां पैदा होंगी । आप इस तरह की विसंगतियां पैदा करना चाहते हैं और उस सही एक्ट में कन्ट्राडिक्शन्स पैदा करना चाहते हैं, अपने ही अमेंडमेंट के जरिए से । मेरे विचार से यदि आपने इस अमेंडमेंट को और इस सारे एक्ट को दोबारा पढ़ा होता तो आप इस नतीजे पर अवश्य पहुंचते कि आप का अमेंडमेंट एक कन्ट्राडिक्टरी प्रोवीजन इंटरोड्यूस करना चाहता है और उससे कोई लाभ नहीं होने वाला है । मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आज जो प्रावधान इस एक्ट में है, वह सही तरीके से है । हालांकि विरोधी पक्ष ने गत दो वर्षो से काफी उकसाने की कोशिश की है और मिनिस्टर साहब को बारबार कहते हैं कि टेप करते हैं, लेकिन वास्तव में गवर्नमेंट ने बड़ी बोनाफाइड तरीके से, उसमें न किसी तरह की विरोधी दल के नेताओं को न टेप करने की बात है, न उनकी डाक को गलत तरीके से नष्ट करने की बात है, मेरी दृष्टि में सही तरीके से काम हो रहा है । उसके लिये मैं पोस्ट आफिस और पोस्ट आफिस के अधिकारियों को और माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं और माननीय वाजपेयी जी से निवेदन करूंगा कि आप एक समझदार सांसद हैं, इसलिये इस विधेयक को वापिस ले लें ।

इन्हीं शब्दों के साथ जो यह संशोधन माननीय वाजपेयी जी द्वारा पेश किया गया है, उसका विरोध करते हुये अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Sir, the Hon. Member is praising the government for its efficiency. The efficient method is adopted to kill democracy. That is good.

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय वाजपेयी जी के इस विधेयक का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । यह बहुत ही सामयिक और बहुत ही उचित विधेयक है । यदि सरकार इसे, जिस प्रकार इस में कहा गया है, उसी नीयत के साथ मान लेती है तो शायद हमारे देश के लोकतन्त्र में काफ़ी निखार आयेगा और उस से मजबूती और स्थायित्व प्रदान होगा । लेकिन जहां तक मेरी जानकारी है और जहां तक मैं इस सरकार को समझ पाया हूं और इस देश के लोग समझ पाये हैं, यह सरकार लोकतन्त्र में आस्था नहीं रखती, इस के आज तक के तमाम आचरण इस बात के प्रतीक रहे हैं और यही कारण हैं कि आज यह सरकार तमाम विरोधी दलों के नेताओं के टेलीफ़ोन टेप कराती है, उन की डाक को सेन्सर किया जाता है तथा तरह-तरह से उत्पीड़ित करने का प्रयास किया जाता है ।

अभी श्री राम सिंह यादव ने कहा कि हर-एक देश में ऐसी व्यवस्था है । थोड़ी देर के लिये अगर यह बात मान भी ली जाय तो आप यह देखिये कि इस विधेयक

[श्री हरिकेश बहादुर]

में क्या कहा गया है? वही बात कही गई है जो आप ने कही है। एक तरह से श्री राम सिंह यादव ने श्री वाजपेयी जी के विधेयक का समर्थन किया है। इन्होंने कहा है कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिये यह किया जा सकता है। लेकिन इस विधेयक में क्या लिखा है?

> "(a) for the words "any public emergency", the words "a grave emergency proclaimed by the President under article 352(1) of the Constitution", shall be substituted;

दूसरे यह कहा गया है—

> (b) for the words "the public safety or tranquility", the words "the security of India", shall be substitued:"

इस में सिक्योरिटी ग्राफ़ इण्डिया की बात कही गई है, जिस से हमारे माननीय सदस्य श्री रामसिंह यादव भी सहमत हैं। इस का मतलब है कि वह वही बात कह रहे हैं जो श्री वाजपेयी जी ने कही है, लेकिन कहने के लिये विधेयक का विरोध करते हैं। मेरी दृष्टि में इन्होंने विधेयक का पूरा समर्थन किया है, लेकिन विरोध शब्द का प्रयोग कर के शायद वह अपनी नेता को प्रसन्न करना चाहते होंगे, परन्तु इस में उन को सफ़लता नहीं मिली है, क्योंकि इन्होंने इस विधेयक का समर्थन कर दिया है...

MR. DEPUTY SPEAKER: Then, why did he finally ask Mr Vajpayee to withdraw the Bill?

**श्री हरिकेश बहादुर** : यही बात वह समझ नहीं पा रहे हैं, लेकिन उन की नेता समझ जायेंगी कि वह क्या कहना चाहते हैं। एक तरफ़ विधेयक का समर्थन करते हैं और दूसरी तरफ़ वापस लेने की बात करते है।

राष्ट्र की सुरक्षा के लिये, जैसा इन्होंने कहा है, इस को किया जा सकता है, लेकिन इन की नेता और इन की पार्टी राष्ट्र की सुरक्षा के लिये नहीं, अपनी सुरक्षा के लिये यह काम करती है और जब कभी भी ऐसे मौके आये हैं, मौजूदा सरकार के नेताओं ने अपनी सुरक्षा के लिये ही यह काम किया है। इस में कहा गया है—पब्लिक एमर्जेन्सी की जगह पर—

> "(a) for the words "any public emergency", the words "a grave emergency proclaimed by the President under article 352(1) of the Constitution," shall be substituted;"

यह जो पब्लिक एमर्जेन्सी की बात कही गई है—यह नहीं हटाई जाती है तो इस का भाषान्तर सरकार कुछ भी कर सकती है,...

**श्री राम सिंह यादव** : यह कानून की बात है।

**श्री हरिकेश बहादुर** : ग्रेव-एमर्जेन्सी का अर्थ आप नहीं समझेंगे अगर इन्जीनियरिंग की बात होती तो शायद ज्यादा आसानी से समझ जाते। 26 जून, 1975 को जो एमर्जेन्सी लागू की गई थी, वह कैसी एमर्जेन्सी थी? आप की अपनी सुरक्षा के लिये लागू की गई थी, देश की सुरक्षा के लिये लागू नहीं की गई थी। जिस सुरक्षा की बात इस में कही गई है और जिस का उल्लेख यादव जी ने किया है...

MR. DEPUTY SPEAKER: Mr. Harikesh, it is better that you do not touch some subjects relating to Emergency.

SHRI HARIKESH BAHADUR: Sir, this word has been used in this Bill itself. That is why I am trying to interpret it.

मैंने कहा है कि ये लोग जब कभी भी इस प्रकार की चीज का इस्तेमाल करते हैं तो अपनी सुरक्षा के लिये करते हैं, राष्ट्र

की सुरक्षा के लिये नहीं करते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा इन की दृष्टि में गौण है, इन की अपनी सुरक्षा प्रधान है, इस लिये उस का इस्तेमाल किया जाता है।

अभी-अभी श्री राम सिंह यादव जी ने कहा कि कभी-कभी डाक में सांप रखे जाते हैं, बम रखे जाते हैं। कौन रखता है ? क्या वाजपेयी जी रखते हैं, एडवानी जी रखते हैं, बहुगुणा जी रखते हैं, इन्द्रजीत गुप्ता जी या दण्डवते जी या चन्द्रशेखर जी रखते हैं ? सांप या बम कौन रखता है ? सांप और बम जो लोग रखते हैं, उन की डाक सेंसर नहीं की जाती बल्कि ऐसे लोगों की डाक सेंसर की जाती है, जो राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं, राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के व्यक्ति हैं, मानव जीवन को सुरक्षा प्रदान करने की लड़ाई लड़ते हैं, सारे देश के विकास की बात करते हैं और जो राष्ट्र का नेतृत्व करते हैं। ऐसे लोगों की डाक का सेंसर किया जाता है न कि उन लोगों की डाक को जो सांप रख कर भेजते हैं। सांप कौन रखता है ? इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इस में जो प्रावधान सुझाए गये हैं, वे राष्ट्र हित में हैं और लोकतंत्र के अनुरूप हैं और सरकार को इन को मान लेने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए अगर वास्तव में देश में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करनी है और लोकतंत्र में आस्था है वैसे लोकतंत्र में इनकी आस्था नहीं है, यह इन के कार्यों से सपष्ट हो चुका है। हरियाणा में जो कुछ हुआ है, लोकतंत्र में इन की कितनी आस्था है, यह उस से साफ जाहिर हो गया है और देश के दूसरे भागों में जो इन्होंने कार्य किये हैं, उनसे साफ जाहिर हो गया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में जो मानवीय आजादी दी गई है, जो लिबर्टी की बात कही गई है, जो फंडामेण्टल राइट्स की बात कही गई है, ये सभी संशोधन जो माननीय वाजपेयी जी ने सुझाए हैं, वे सभी उस के अनुरूप हैं। इसलिए मैं सरकार से यह अपील करूंगा कि वह इन सुझावों को मान कर, इन के अनुरूप एक काम्प्रोहैंसिव बिल लाएं, जिस में यह हो कि विरोधी दलों के नेताओं की डाक को सेंसर न किया जाए। सरकार के कुछ नेता उन की डाक से अपने लिए कुछ खतरा महसूस करते हैं, इसलिए वे इस बात को नहीं मानते हैं।

इन शब्दों के साथ मैं वाजपेयी जी के विधेयक का समर्थन करता हूं और सरकार से उम्मीद करता हूं कि वह इसे स्वीकार करेगी।

**श्री हरीश रावत** (अल्मोड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, इस संशोधन विधेयक के प्रस्तुतकर्त्ता माननीय सदस्य से ले कर के विरोधी पक्ष और उस तरफ के अपने सभी मित्रों की बातें मैं ने बड़े ध्यान से सुनी। उन की बातों से एक आम बात जो निकल रही थी वह यह थी कि मानों किसी साजिश के अन्तर्गत वे एक एक्ट के साधारण प्रावधानों को ले कर इस प्रकार का वातावरण इस सदन में या इस सदन के माध्यम से बाहर बनाना चाहते हैं ताकि लोगों को यह प्रतीत हो कि ऐसे छोटे छोटे साधारण एक्टों के द्वारा भी मनुष्य के जो मूल संविधान प्रदत्त अधिकार हैं, उन का हनन किया जा रहा है और लोगों की मौलिक स्वतन्त्रता का हनन किया जा रहा है और यह सरकार कोई एमर्जेंसी लगाना चाहती है। मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि कोई साजिश इन लोगों की यह है कि लोगों के मनों में इस प्रकार का कन्फ्यूजन पैदा कर दो जिससे प्रजातंत्र जो एक सही रास्ते पर मजबूती के साथ श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है, वह कमजोर हो जाए।

[श्री हरीश रावत]

ये उस को कमजोर करना चाहते हैं। इस ऐक्ट में जो प्रावधान हैं, उन में कोई ऐसी खास बात नहीं है, जिन पर एतराज किया जा सके। हमारी डैमोक्रेसी एक ओपन डेमोक्रेसी है लेकिन इस डेमोक्रेसी में मूल अधिकारों के नाम पर, संविधान प्रदत्त अधिकारों के नाम पर कुछ लोग उस का दुरुपयोग करना चाहते हैं जैसे धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार है। मैं समझता हूं कि इस संशोधन विधेयक के प्रस्तुतकर्त्ता इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि आज हमारे देश के अन्दर कई ऐसे संगठन हैं, जो मूल अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं और धर्म के नाम पर घृणा पैदा करने की कोशिश करते हैं। मुरादाबाद की घटना में किन लोगों का हाथ था, ये अच्छी तरह से जानते हैं, बिहार-शरीफ की घटना में किस का हाथ था, अलीगढ़ की घटना में किस का हाथ था, यह अच्छी तरह जानते हैं। आज जहां पर ऐसे संगठन हों, जो असम विघटनकारी कार्य कर रहे हैं, जो देश-विभाजन का समर्थन दे रहे हैं, जो पूर्वोत्तर अंचलों में उग्रवादी तत्वों का समर्थन दे रहे हैं, पंजाब के अन्दर खालिस्तान के आन्दोलन का समर्थन दे रहे हैं, तो इस तरह का प्रावधान होना जरूरी है। जब इस प्रकार के संगठन हमारे देश के अन्दर मौजूद हैं, जो धार्मिक जामा पहन कर, सामाजिक संगठनों का जामा पहन कर इस तरह का कार्य करते हैं, तो निश्चित तौर पर मैं समझता हूं कि इस देश में चाहे कोई भी सरकार हो, उस को इस तरह का अधिकार होना चाहिए जिस से वह ऐसे संगठनों पर नजर रख सके और उन के बारे में जानकारी एकत्रित कर सके। मैं समझता हूं कि चाहे कोई भी सरकार रही हो, चाहे 1977 से पहले की सरकार रही हो, या 1977 से 1980 की सरकार रही हो, उसने इस अधिकार का उपयोग किया है। माननीय प्रतिपक्ष मित्र जिन्होंने कि एक साधारण सी बात को लेकर इतना हाय-तौबा मचाया है, वे मुझसे इस बात को बेहतर जानते हैं। अपने शासन काल में हमारे नेताओं पर किस तरह से नजर रखी जाती थी, हमारी महान् नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी की मेल को किस तरह से सेंसर किया जाता था, उनके टेलीफोनों का किस तरह से टेप किया जाता और उन्हें किस तरह से तरह तरह से परेशान किया जाता था।

आज मुझे यह कहते हुए अफसोस होता है कि हमारे यहां जो अच्छे खासे पदों पर थे और 1977 से पहले हमारी पार्टी में थे और हमारी पार्टी में रह कर जो बड़े पदों पर आये और 1980 में भी यहां चुन कर आने के लिए उन्हें और कोई सहारा नहीं मिला तो वे हमारी पार्टी का दामन पकड़ कर, हमारी पार्टी का निशान ले कर यहां जीत कर आये, आज वे लोग भी हम पर आक्षेप कर रहे हैं। क्या उस समय उन्हें डेमोक्रेसी पर आघात नहीं दिखाई देता था, क्या उस समय उन्हें तानाशाहियत दिखाई नहीं देती थी। 1980 में उन्हें हमारी पार्टी का दामन पकड़ कर इस सदन में आना पड़ा और आज वे भी इसका विरोध कर रहे हैं जो कि समय की आवश्यकता है।

लेकिन जहां मैं इसका समर्थन करता हूं वहां इतना जरूर कहूंगा कि इसका उपयोग सोच-समझ कर किया जाना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को खुली छूट नहीं होनी चाहिए। हम को यह सब देखना पड़ेगा। इसका दुरुपयोग कई राज्य सरकारें भी कर रही हैं जैसे कि पश्चिमी बंगाल की राज्य सरकार। चाहे किसी भी पार्टी के लोग हों, जनता पार्टी के लोग हों, वे सभी जानते हैं कि पश्चिमी बंगाल की सरकार उनकी डाक को सेंसर कर रही है।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: We cannot do it. It is a Central subject.

SHRI RAM JETHMALANI (Bombay North West): My letters consist of abuse of Government. The best way of reaching those letters to Government is that there should be censorship. I have a personal interest in censorship continuing.

श्री हरीश रावत : आपका इण्ट्रेस्ट त: बहुत व्यापक है । आप क: इण्ट्रेस्ट त: ईजरायल में भी है । आपकी पार्टी का भी इण्ट्रेस्ट है ।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: This is a point for clarification. Since my friend has referred to the West Bengal Government, I openly and unequivocally say that the West Bengal Government does not believe in censorship. Neither does it have the authority, nor is it tapping the telephones. Nor does it have any authority for tapping telephones.

AN HON. MEMBER: They are doing so.

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI C. M. STEPHEN): This is the list of the Parties. Here is the list of people whose letters have been censored by the West Bengal Government. Here it is. (*Interruptions*) . . .

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: What is it? What is that list?

SHRI C. M. STEPHEN : Do you want it? Do you really want it? (*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: What is that list?

SHRI C. M. STEPHEN : Just one minute. Let me explain. Under the Act either the Central Government or the State Government or any officer nominated either by the Central Government or the State Government by a written order direct the Postal authorities to censor the postal articles coming to or despatched by a person or an institution. I checked up. I asked for the list, whether the West Bengal Government has a list of persons or institutions whose letters have to be censored. I have got the order here. Whether I should place it on the Table of the House or not is a different matter. They have given a list of persons and institutions numbering about 98 whose postal articles are to be censored. We are collecting those articles and handing over them to their people. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is all right. (*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: What is the date of the order?

SHRI C. M. STEPHEN: Current. It is currently in force.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is for the State Government of West Bengal. Now, Professor, it is for the State Government. (*Interruptions*)

SHRI SONTOSH MOHAN DEV (Silchar): Why do you not lay it on the Table of the House? (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, now, Sontosh Mohan Dev, those who are living in glass houses should not throw stones on other houses.

(*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Let the debate continue.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has come out openly and it has been recorded.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : I do not want that. There must be a full debate whether you send criculars to West Bengal . . . .
(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Everything is clear now.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I do not want to enter into that.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East): Mr. Chakraborty owes to this House that he gets the Chief Minister to deny what Mr. Stephen has said to this House.

SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH (Banka): Why are you forcing it upon him .... (*Interruptions*). The West Bengal Government's requirements may be perfectly genuine. We do not object to it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He did not make that statement on behalf of the West Bengal Government.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: That is all the more reason that the Act should be amended.

SHRI HARIKESH BAHADUR : We are never willing that such types of laws should continue. But so long as they are there, we will use them.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I know that you oppose it whether it is the West Bengal Government or the Central Government.

SHRI C. M. STEPHEN: On a point of clarification. About the number I am not exactly correct. The order is there. The number I am counting. So, I stand corrected on that.

**श्री हरीश .रावत** : उपाध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी के कथन के बाद जा स्थिति उभर कर आई है, उसको देखते हुए मुझे प्रोफ़ेसर चक्रवर्ती साहब पर वास्तव में दया आती है और वे वास्तव में नहीं जानते हैं कि उनकी पश्चिमी बंगाल को सरकार क्या-क्या कर रही है ।

मान्यवर, मैं समझता हूं कि जिस प्रकार को स्थिति है और कई प्रकार से प्रजातंत्र और इस व्यवस्था को कमजोर करने को कोशिश की जाती है और उनके बहकावे में आ कर कई राजनीतिक दल भी उनको शह देते हैं तो ऐसी स्थिति में सरकार के पास ऐसे अधिकारों का होना बहुत जरूरी है और साथ ही साथ यह भी आवश्यक है कि सरकार ऐसे अधिकारों का जहां पर आवश्यकता होती है, उपयोग करें । इस बात का हमारे प्रतिपक्ष के मित्रों को समझना चाहिए और केवल आलोचना करने के लिए, अपने मन की भड़ांस और निराशा को प्रकट करने के लिए ऐसी अनर्गल और असत्य बातों को सदन के सामने नहीं कहना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं इस संशोधन विधेयक का विरोध करता हूं और निवेदन करता हूं कि वे इसको वापिस ले लें ।

**श्री कमला मिश्र मधुकर** (मोतीहारी) : उपाध्यक्ष जी, वाजपेयी जी जो बिल लाए हैं, मैं उसका समर्थन करता हूं । लेकिन समर्थन करने का मतलब यह नहीं समझा जाए कि वाजपेयी जी की पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से हमारी पार्टी की नीतियां और कार्यक्रमों का कोई मेल है, लेकिन अगर वाजपेयी जी पूरब को पूरब कहें और हम पूरब को पश्चिम कहें तो यह भी हमारे लिए ठीक बात नहीं है । इसलिए मैं इसका समर्थन करता हूं ।

उपाध्यक्ष जी, केन्द्रीय सरकार कानून लाई और जब राष्ट्रीय आंदोलन के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सत्ता संभाली तो जो कानून उनको सूट करते थे, उनको रहने दिया गया । जो कानून ब्रिटिश शासन द्वारा बनाए गए थे, एक नहीं अनेक, लेकिन सरकार को सूट करते थे इसलिए ब्रिटिश शासन समाप्त होने के बाद भी उनको बदलने की कोशिश नहीं की गई । वाजपेयी जी ने सही कहा है कि ये साम्राज्यवाद के अवशेष हैं । अंग्रेजों ने अपने इंटरेस्ट में, अपने निहित स्वार्थों

को कायम रखने के लिए इस तरह के कानून बनाएं । कांग्रेस जब सत्ता में आई तो उसने भी इसको नहीं बदला । वाजपेयी जी को सरकार ने भी इस कानून को नहीं बदला । मैं समझता हूं कि आज भी अगर आप इस कानून को लागू रखते हैं तो इसका मतलब है कि हिन्दुस्तान के नागरिकों की आजादी पर आप अंकुश लगाते हैं । यह जो अंकुश है इसको तोड़ने की दिशा में वाजपेयी जी का यह जो कानून है इसको सरकार को मान लेना चाहिए ।

यह कहा गया है कि हमारे देश की साठ या सत्तर करोड़ आबादी है और उस में कितने प्रतिशत आबादी पर यह लागू होता है । मैं समझता हूं कि यह कोई तर्क नहीं है । सवाल यह है कि इस तरह के कानून को लागू क्यों किया जाता है ? क्या आधार है इसको कायम रखने के ? वाजपेयी जी ने बताया है कि आपकी सरकार के लोगों के ऊपर भी यह सेंसरशिप लागू होता है, उनके भी फ़ोन टैप किए जाते हैं। जो नाम उन्होंने बताए हैं, उतने ही नाम नहीं हैं । और भी बहुत से नाम हैं । एक मित्र ने मुझे कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के जो लोग हैं उन में से भी कुछ के फ़ोन टैप होते हैं। जो लिस्ट वाजपेयी जी ने बताई है नाम उससे कहीं अधिक है । यह कामन फ़िनोमिनन हो गया है । अगर आप इस कानून को बदलते नहीं हैं तो इसका मतलब है कि आपका जनता पर विश्वास नहीं है । आपका मंशा यह है कि अधिक से अधिक लोगों के टेलीफ़ोन टैप हों, अधिक से अधिक उनके पत्र सेंसर हों । यह नागरिक आजादी पर हमला है ।

देश में साम्प्रदायिक शक्तियां सिर उठा रही हैं, आनन्द मार्ग जैसी शक्तियां सिर उठा रही हैं, देश का विभाजन करने वाली शक्तियां सिर उठा रही हैं, देश को विघटित करने वाली शक्तियां सिर उठा रही हैं, देश के वास्ते खतरा पैदा करने वाले तत्व सिर उठा रहे हैं । ऐसे शक्तियों से लड़ने के लिए सरकार को कुछ तो करना ही पड़ता है । लेकिन यह जो स्थिति है यह वैसी नहीं है जिस प्रकार की तब थी जब यहां पर इस कानून को बनाया गया है । ब्रिटिश सरकार का जनतंत्र में विश्वास नहीं था । तब संविधान नहीं था । सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन नहीं हुए थे । अब यह सब कुछ हो गया है । अब ये सब परिवर्तन हुये हैं । इन परिवर्तनों का तकाजा है कि देश के नागरिकों की आजादी को बरकर रखने के लिये कदम उठाये जायें और अधिक नागरिक आजादी देने की व्यवस्था की जाए । यह नहीं हो रहा है । इसलिये जो कानून है इसमें संशोधन करना जरूरी है ।

संविधान में लिखा हुआ है कि जनता सावरेन है, सर्व सत्ता सम्पन्न है । इस तरह के कानून आप लागू करते हैं तो उस की इस सर्वसत्ता सम्पन्नता को आघात पहुंचता है, बाधा पैदा होती है, उस पर आंच आती है । इस वास्ते अवश्य ही इस कानून में संशोधन किया जाना चाहिये ।

यह कहा गया है कि एक कम्प्रिहेंसिव कानून इसके बारे में लाया जाना चाहिये । वाजपेयी जी ने अपने ढंग से कानून का मसौदा आपके सामने पेश किया है । परिवर्तन अनिवार्य शर्त है । देश में जनतंत्र को कायम रखने लिये, राजनीतिक हस्तक्षेप को दूर करने के लिये, राजनीतिक बदला लेने की भावना को खत्म करने के लिये यह जरूरी है कि इस कानून का संशोधन किया जाए । इसके लिये जरूरी हो तो कम्प्रिहेंसिव बिल लाया जा सकता है । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय सिद्धांत रूप में इस बात को मान लें कि संशोधन होना चाहिये और बिल जो कम्प्रिहेंसिव हो लायें ।

[श्री कमला मिश्र मधुकर]

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और चाहता हूं कि सिद्धांत रूप से सरकार इसको मान ले कि संशोधन होना चाहिये । जनतंत्र का यह तकाजा है कि ब्रिटिश राज में लगाये गये अंकुशों को समाप्त किया जाय । जनता की आजादी को बहाल रखा जाए । इसलिए इस बिल को पास किया जाए और अगर आप जरूरी समझते हैं तो एक विस्तृत बिल भी आप लायें ।

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय वाजपेयी ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है मैं उसका विरोध करता हूं, और इसलिये कि जब माननीय वाजपेयी जी का राज्य आया तो इन्हें फुर्सत ही नहीं थी, यह तो रात और दिन विदेशों में घूमते थे, एक दिन भी हिन्दुस्तान में नहीं रहे । इनको मालूम नहीं था कि देश में क्या हो रहा है । तो उस वक्त ख्याल नहीं आया कानून में परिवर्तन करने का । अब इनको फुर्सत मिली है क्योंकि कोई और दूसरा काम नहीं है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He was n charge of External Affairs. He vas not in charge of internal affairs.

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : इसलिये कह रहा हूं कि बाहर ही रहे और इस लिये ख्याल नहीं आया कि देश में किस प्रकार के कायदे कानून रहने चाहिये । जिससे पब्लिक सेफटी और पब्लिक ट्रांक्विलिटी बनी रहे । और माननीय जेठमलानी जी को शाहन कमीशन से फुर्सत नहीं मिली, यह इसी में लगे रहे, इसलिये इनको भी ख्याल नहीं आया । नहीं तो यह भी संशोधन पेश कर देते कि इसमें किस प्रकार का परिवर्तन होना चाहिये । यह हालत है विरोधी दलों के नेताओं की । जब अपना राज्य आता है तो ख्याल नहीं आता कि कौन सा कानून ठीक है और कौन सा गलत है लेकिन जब राज्य चला गया तो ख्याल आया कि हमारी चिट्ठियां सेंसर हो रही है टेलीफोन टेप हो रहे है । अब ख्याल आया इसलिये संशोधन लाये हैं ।

इन्होंने कहा कि यह कानून ब्रिटिश सरकार के समय का है । तो उस समय के कितने ही कानून हैं. जैसे आई० पी० सी०, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, सी० पी० सी०, एवीडेंड एक्ट, जिनके जरिये से प्रशासनिक व्यवस्था चलती है । यह सारे के सारे कानून अंग्रेजों के समय के बने हुये हैं और उनमें बहुत कम परिवर्तन हुये हैं । जो कानून पोस्ट आफिसिस के सम्बन्ध में बना है वह स्वागत योग्य है क्योंकि माननीय मंत्री जी ने अभी बताया, वेस्ट बंगाल के एक भाई पैरवी कर रहे थे कि हमारी स्टेट इस प्रकार के काम नहीं करती, तो मंत्री जी ने बताया कि आपकी सरकार भी वही कर रही है जो दूसरी सरकार कर रहीं हैं, अर्थात् जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु की विरोधी दल की सरकारें भी यही कर रही है । इसलिये जब सब सरकारें इस कानून के जरिये से व्यवस्था चला रहीं हैं तो आप कैसे कह सकते हैं कि यह खराब कानून है, और कैसे आप कह सकते हैं कि जनता के मौलिक अधिकार खत्म हो रहे हैं ? ऐसी बात आप नहीं कह सकते । इसलिये यह कानून ठीक है और उसमें कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिये ।

माननीय जेठमलानी ने बड़ी पैरवी की डेमोक्रेसी की । मैं पूछना चाहता हूं कि जो इंसान पार्लियामेंट में जनता द्वारा चुन कर आया उसको आपने क्यों सदन से बाहर निकाल फैंका ? क्या ऐसा प्रजातंत्र आप चाहते हैं ? इस प्रकार की डेमोक्रेटिक प्रोसेस में विश्वास करने वाले लोग हैं और आज प्रजातंत्र की दुहाई देते हैं । आप तो कतई डेमोक्रेसी में विश्वास नहीं करते हैं । आप तो औटोक्रेटिक हैं । हमारी पार्टी प्रजातंत्र में विश्वास करती है, और इस

व्यवस्था को बराबर जमाने का हमने प्रयास किया है। हमारी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर जीते और बाद में इन्होंने दल बदल कर लिया, और आज वहीं कहते हैं कि कोई व्यवस्था नहीं चल रही है। जनता पार्टी की सरकार के समय में आप घमंड से कहते थे दल बदल को रोकने के लिये कानून लायेंगे। उसके बाद कोई कानून लाये नहीं। कोरी बातें करने के सिवाय इनके पास कोई काम नहीं है। यह केवल बातें करना चाहते हैं, काम करने का कोई ताल्लुक नहीं है। न इन्होंने कोई काम किया है।

जनता पार्टी के शासन में जिस प्रकार भंयकर दुरुपयोग प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं को खत्म करने का किया गया था, उतना गड़बड़ काम किसी राज्य में और किसी पार्ती के समय में नहीं हुआ। जिस तरह की हालत जनता पार्टी के शासन में इस देश में हुई है, हमने वापिस आकर इस प्रजातांत्रिक व्यवस्था को वापस जमाया है और जनता में विश्वास पैदा किया है कि कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं में विश्वास करती है, गरीबों और डाउन ट्रोडन को ऊपर उठाती है, उनके प्रति उसके मन में हमदर्दी है। सब विकास के कार्य कांग्रेस पार्टी ने ही किये हैं, यह केवल शोषण करने वाले लोग हैं, इनके पास और कोई काम नहीं है।

कम्युनिस्ट पार्टी के भाइयों की बात मैं कहता हूं, हम वैस्ट बंगाल के चुनाव में वहां गये थे। यहां ये लोग प्रजातांत्रिक व्यवस्था की बहुत दुहाई देते हैं लेकिन वहां इन्होंने क्या किया ? सारे वोट बन्दूक की नोक पर इन्होंने वहां डलवाये, रिगिंग किया और इस तरह से वहां इन्होंने प्रजातंत्र की हत्या की।

हमारी भारतीय जनता पार्टी के लोग वहां पर जबर्दस्ती जाकर खड़े हो गये यह इसलिये कि वहां पर कांग्रेस के लोग न जीतें जिससे कांग्रेस की सरकार न बन सके। इनका इस प्रकार का दृष्टिकोण हैं यह कोई प्रजातंत्र को मजबूत बनाने वाले लोग नहीं है। अगर यह प्रजातंत्र है को मजबूत बनाने वाले लोग होते तो निश्चित रूप से हम कह सकते थे कि भारतीय जनता पार्टी के लोग डेमोक्रेसी में विश्वास करते हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी तो केवल नाम की पार्टी है, उइसके पीछे केवल आर० एस० एस का दल, है, जो साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाली पार्टी है। इसके अलावा कोई दम, जहूरा इनका नहीं है। इसके पास से अगर यह मोहरा अलग हो जाये तो भारतीय जनता पार्टी का खाका बिल्कुल समाप्त हो जायेगा। इसके बाद कुछ इनके के पास नहीं रह जाता है।

यह ऐसी पार्टी है जो कमुनल भावनाओं मे विश्वास रखती है और साम्प्रदायिक दंगें फैलाती है जिसकी नजीर हमारे भाई ने भी दी है। इन्होंने 3, 4 जगहों पर दंगें करवाये। इनके खिलाफ कमीशन भी बठा और उस कमीशन ने भी कहा कि इन्होंने जगह जगह साम्प्रदायिक दंगें फैलाये थे और उसके लिये एक जगह एक एम० एल० ए० को भी जिम्मेदार ठहराया गया था लेकिन इन्होंने उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया, इनकी पार्टी यही चाहती है। अगर वह चाहते तो उस एम० एल० ए० को अपनी पार्टी से बाहर निकालते, लेकिन इनसे का विश्वास प्रजातंत्र में नहीं है, यह केवल ढकोसले की बात है, कुछ तत्त्व इनमें नजर नहीं आता है।

मैं माननीय सदस्य स्टीफन साहब से निवेदन करूंगा कि ऐसी कौमुनल पार्टी, जो इस देश में अशांति फैलाना चाहती है, ऐसी राजनीतिक पार्टी जो इस देश को विघटित करना चाहती है, उसके खिलाफ और सख्ती से कार्यवाही करें ताकि ऐसी

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

गड़बड़ इस देश में न हो जिसकी वजह से देश खंडित हो। आप इस बात से घबड़ाइये मत, हमारी सरकार मजबूत सरकार है, इसे मजबूती से देश को खंडित होने से बचाना है, देश को मजबूत बनाना है, इसकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनानी है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारी कांग्रेस पार्टी ने जिन स्मगलर्स को पकड़ा था, उनकी जेठमलानी जी ने पैरवी की और सारे स्मगलर्स को इन्होंने जनता पार्टी के शासन में छोड़ दिया। ब्लैक मार्केटियर्स और हार्डर्सको इन्होंने छोड़ दिया कौनसा आदमी ऐसा बचा जो जनता पार्टी के शासन में ने छोड दिया गया हो। उस समय जो आर्थिक स्थिति देश की खराब हुई, उतनी पहले कभी नहीं हुई। इसलिये इस तरह का कानून नितांत आवश्यक है, इस देश में स्थिरता रखने के लिये, कोमुनल टेंशन को समाप्त करने के लिये और इस देश को विघटित होने से बचाने के लिये। इस तरह की राजनीतिक और सामाजिक संस्थायें गड़बड़ पैदा करती हैं, इन पर अंकुश लगाने के लिये ऐसे प्रावधानों की नितांत आवश्यकता है। इसलिये मैं इस अमेंडमैंट बिल का घोर विरोध करता हूं और माननीय वाजपेयी जी से कहना चाहता हूं कि वह इस बिल को वापिस लें।

**17.59 hrs.**

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

### THIRTY-FIRST REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): I beg to present the Thirty-first Report of the Business Advisory Committee.

---

**18.00 hrs.**

## *RE.*: CANCELLATION OF SITTING OF THE HOUSE FOR 12-7-1982 AND FIXING THE SITTING FOR 7-8-1982.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): Further, Sir, the Business Advisory Committee, at its sitting held today, agreed that the House might not sit on Monday, the 12th July, 1982 due to Presidential election on that day. The Committee also agreed that to make up for the time, the House might sit on Saturday, the 7th August, 1982.

I hope the House will agree.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Does it have the approval of the House?—Yes, I find the House agrees.

**18.01 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, July* 13, 1982/*Asadha* 22, 1904 (*Saka*).

GIPMRND—SI—1205 LS—JC 1844—21-9-82—890